पुलिस उपायुक्त कार्यालय, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक-02-04-2024

विषय- अवैध देशी तमन्चा व कारतूस (315 बोर) के साथ एक नफर अभियुक्त थाना लंका पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नेरट वाराणसी द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से एवं आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लंका के कुशल नेतृत्व में दिनांक 01.04.2024 को लंका पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त बाबू उर्फ अरुन साहनी पुत्र सुक्खु साहनी निवासी मलहिया थाना लंका वाराणसी उम्र 23 वर्ष को अवैध असलहा एवं कारतूस के साथ नया रविदास पार्क के पीछे, रमना से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अपराध विवरण -

1. मु0अ0सं0 0112/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना लंका, कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता-

1. बाबू उर्फ अरुन साहनी पुत्र सुक्खु साहनी निवासी मलहिया थाना लंका वाराणसी उम्र 23 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व समय- दिनांक घटना 01/04/2024 को नया रविदास पार्क के पीछे, थाना क्षेत्र लंका, कमि0 वाराणसी

विवरण बरामदगी

1. एक अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 01 चक्र जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्त से बरामद शुदा तमंचा व कारतूस एवं स्कूटी के बारे में कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि साहब मैं साहब मै बिहार से 4000 रुपये में तमंचा व कारतूस खरीद कर लाता हूँ तथा यहीं वाराणसी में

ग्राहक की तलाश करके 6-7 हजार रुपये में बेच देता हूँ। इसी से मै अपना शौक पुरा करता हूँ अपनी गलती की माफी मांगते हुए कि भविष्य में ऐसी गलती नही होगी बता रहा है।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम</u>

1. प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्र, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अश्वनी कुमार राय, चौकी प्रभारी रमना, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 आलोक कुमार सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 आनन्द कुमार मिश्रा, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 चन्दन कुमार, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, कार्यालय
जोन काशी, कमि0 वाराणसी